मुख्यमंत्री ने बरही में किसानों और युवाओं के लिए विकास कार्यों की सौगात दी

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बरही में आयोजित किसान सम्मेलन एवं कृषि महोत्सव में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की खुशहाली, युवाओं के खेल विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए कटिबद्ध है। किसानों को अब सिंचाई के लिए दिन में भी बिजली मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश में शीघ्र कटनी में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा।

डॉ. यादव ने बरही में नवर्निमित पुल, महाविद्यालय, सांदीपनि विद्यालय और वॉलीबॉल इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण किया। जलाशयों और नहरों का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। युवाओं के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में खेल स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के लाभ, राहत और प्रोत्साहन राशि, पीएम राहत योजना के तहत निःशुल्क इलाज और एयर एम्बुलेंस जैसी सुविधाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र बढ़ाकर 100 लाख हैक्टेयर करना लक्ष्य है और गेहूं के मूल्य में वृद्धि के साथ किसानों को बोनस दिया जा रहा है। दूध उत्पादन बढ़ाने और स्कूलों में निःशुल्क वितरण के प्रयास किए जा रहे हैं। ड्रॉपआउट शून्य पर लाकर शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है।

इस अवसर पर बरही में आयोजित आभार रैली में हजारों नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। स्थानीय व्यापारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, अधिवक्ता संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना का भी शुभारंभ किया, जिसकी लागत 566.92 करोड़ रुपये है। परियोजना से 27 गांवों की करीब 20 हजार हैक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और लगभग 11 हजार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा। इस कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री, स्थानीय विधायक, अधिकारियों और बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने किसानों, युवाओं और जनता के सहयोग का आभार व्यक्त किया।

लायंस क्लब रीजन कॉन्फ्रेंस भोपाल में आयोजित

नप्र, भोपालः लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2 के रीजन 5 की रीजन कॉन्फ्रेंस 'रश्मि' 14 मार्च को होटल सेलीस्टियल पार्क में लगभग 450 लायन सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ, मुख्य वक्ता द्वारका जालान और विशिष्ट अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन मनीष शाह एवं प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश मालवीय उपस्थित थे।

रीजन चेयरपर्सन मनीष जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने रीजन स्मारिका 'रश्मि' का विमोचन किया, जिसे लायन राज ढींगरा और लायन राधा रमन अग्रवाल ने संपादित किया था। कार्यक्रम में संगीत, चित्रकला, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा रीजन के सभी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, जोन चेयरपर्सन और अन्य पदाधिकारियों को रीजन अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का संकल्प तीन दिन में पूर्ण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बिट्टन मार्केट स्थित दशहरा मैदान यज्ञ स्थल परिसर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्र अभिषेक यज्ञ के तीसरे दिन वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु अनुष्ठान में शामिल हुए।

सुप्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य गृहस्थ संत डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री के सानिध्य में आयोजित सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ में तीसरे दिन 32 लाख 2 हजार 702 शिवलिंगों का निर्माण किया गया। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 1 करोड़ 56 लाख 84 हजार 14 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर दद्दा शिष्य परिवार और स्थानीय नागरिकों ने संकल्पित लक्ष्य समय से पहले ही पूर्ण कर लिया।

इस अवसर पर दद्दा शिष्य मंडल भोपाल ने डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री का सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पी. सी. शर्मा, उमंग सिंघार, सुनील पांडे, पूर्व विधायक नीरज दीक्षित सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे और पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रेमिका की हत्या कर शव कचरे के ढेर में फेंका

नप्र, भोपालः जबलपुर में छह दिन पहले भाजपा के संभागीय कार्यालय के पास एक महिला की हत्या कर शव को कचरे के ढेर में फेंक दिया गया था। लार्डगंज थाना पुलिस ने महिला की पहचान रांझी निवासी सीता उर्फ पल्लवी (30) के रूप में की थी और अज्ञात हत्यारे की तलाश शुरू की थी।शनिवार की सुबह माढ़ोताल के पास पुल से लटके एक युवक की लाश मिली। जांच में पता चला कि मृतक अंकुर बर्मन (22) वही व्यक्ति था जिसने पल्लवी की हत्या की थी। डर के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि पल्लवी और अंकुर दोनों हलवाई का काम करते थे और करीब दो साल से प्रेम संबंध में थे। 7 मार्च को दोनों दोपहर में साथ घूम रहे थे। शाम को अंकुर पल्लवी को अपने घर ले गया, जहां उसने बड़े भाई बब्लू से मिलवाते हुए शादी की बात रखी। इस पर बब्लू नाराज हुआ और दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ। पल्लवी शादी के लिए अंकुर पर दबाव बना रही थी, जबकि युवक परिवार की मर्जी के बिना विवाह के लिए तैयार नहीं था।

बाल साहित्य से विकसित होती है प्राकृतिक चेतना :गर्ग

राष्ट्रीय संगोष्ठी में बाल साहित्य की भूमिका पर हुआ मंथन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा स्व. कृष्ण कुमार अष्ठाना स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी का आयोजन भोपाल स्थित श्यामला हिल्स में किया गया।

'गली बचपन की' शीर्षक से आयोजित इस दो दिवसीय संगोष्ठी में देशभर के बाल साहित्यकारों ने भाग लेकर बाल साहित्य की बदलती भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं बाल पत्रिका 'बालवाटिका' के संपादक भेरूलाल गर्ग ने कहा कि बाल साहित्य बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को हम जैसा सांस्कृतिक, पारिवारिक और सामाजिक वातावरण देंगे, वही उन्हें श्रेष्ठ बनाएगा। बाल साहित्य के माध्यम से बच्चों में प्राकृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का विकास किया जा सकता है। संगोष्ठी का उद्घाटन अकादमी के निदेशक विकास दवे सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल माहेश्वरी ने किया।

पहले दिन आयोजित विभिन्न सत्रों में 'बाल मनोविज्ञान और बाल साहित्य सृजन', 'बाल साहित्य में बदलती परिवार व्यवस्था, शिक्षक एवं समाज की भूमिका' तथा 'बाल साहित्य में देशप्रेम, राष्ट्रीयता, पर्यावरण और भारतीय संस्कृति' जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. मीनू पांडेय 'नयन', डॉ. रमेश यादव, डॉ. विमला भंडारी और डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। देर शाम आयोजित कवि सम्मेलन में बाल रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को प्रभावित किया।

सिंधु सेना की एक शाम सिंधियत के नाम 18 को होगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सिंधु सेना द्वारा भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चैतीचांद पर 18 मार्च को शाम 07 बजे लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में एक शाम सिंधियत के नाम आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम के प्रारंभ में डमरू वादकों द्वारा भगवान झूलेलाल जी भव्य महाआरती होगी इसके साथ अंतर्राष्ट्रीय गायक ,बॉलीवुड सिंगर मोहित लालवानी मुंबई द्वारा अपनी प्रस्तुति देंगे।

सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि 18 मार्च को भोपाल में पहली बार अंतराष्ट्रीय गायक मोहित लालवानी को आमंत्रित किया गया है। मोहित लालवानी ने इंडियन आइडल के चौथे सीज़न का खिताब जीता था।

वे भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रॉक, सूफी और बॉलीवुड गानों के जाने जाते है। कुकरेजा ने बताया कि मोहित अपने बैंड 'रूह' के साथ लाइव प्रदर्शन के लिए भी प्रसिद्ध हैं। कार्यकम में प्रवेश पूर्ण रूप से नि शुल्क रहेगा, साथ ही दर्शकों के लिए इस आयोजन में रंगारंग आतिशबाजी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल्स भी रहेंगे।

नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़

180 संदिग्ध खाते चिन्हित, 15 करोड़ रुपए के लेन-देन का खुलासा

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस ने म्यूल अकाउंट गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। जांच के दौरान जिले में कुल 180 बैंक खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में चिन्हित किया गया है, जिनके माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपये के अवैध लेन-देन का पता चला है।

पुलिस के अनुसार कुछ लोग आम नागरिकों को आर्थिक लाभ का लालच देकर उनके बैंक खाते, पासबुक और एटीएम कार्ड की जानकारी प्राप्त कर लेते थे। इसके बाद इन खातों का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म, साइबर ठगी और सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों में अवैध लेन-देन के लिए किया जाता था।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम का गठन कर तकनीकी जांच शुरू कराई। जांच के दौरान विभिन्न बैंकों से खातों की जानकारी लेकर लेन-देन का विश्लेषण किया गया, जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। कार्रवाई के तहत अब तक 35 म्यूल अकाउंट बंद कराए जा चुके हैं।

इस मामले में पुलिस ने 17 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा है। साथ ही जांच के दौरान 9 पासबुक, 4 एटीएम कार्ड और 9 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि बीते एक वर्ष में साइबर फ्रॉड के मामलों में लगभग 45 लाख रुपये की राशि पर होल्ड लगवाया गया, जबकि करीब 53 लाख रुपये पीड़ित खाताधारकों को वापस दिलाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

भागवत कथा : भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का बखान

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचन के लिए चित्रकूट धाम से पधारे संत कृपा शंकर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का विस्तार से श्रवण कराया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा भी पहुंचे और कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें भक्ति के सागर में डुबो देती है। कथा सुनते हुए उन्हें अपना बचपन याद आ गया और सनातन धर्म की परंपराओं की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी । इस अवसर पर जसवंत सिंह हाड़ा जिला प्रभारी भोपाल भाजपा, प्रमोद राजपूत जनपद अध्यक्ष, राम बंसल जिला उपाध्यक्ष, मनीष बागवानी मंडल अध्यक्ष, फूलचंद गर्ग, गया दास पांडे, जयराम पंडित, प्रवीण प्रेमचंदानी, सौरभ गंगारमानी, बसंत चेलानी, सूरज यादव, गुड्डू मेहरा, पृथ्वीराज त्रिवेदी, लेविन मनसुखानी, नरेंद्र बिष्ट, किशोर साधवानी, उपस्थित रहे।

मच्छर अगरबत्ती से वाहन में लगी आग, एक की मौत

नप्र, भोपालः सिहोरा क्षेत्र के वार्ड नंबर-3 में शनिवार सुबह एक पुरानी टाटा सूमो के अंदर सो रहे व्यक्ति की आग में जलने से मौत हो गई। आग की लपटों ने पास की एक दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया, जो देखते ही देखते जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और कई सालों से उसी गाड़ी में रह रहा था। वह आसपास से कचरा और पन्नियां इकट्ठा कर गाड़ी में भरकर रखता था। आशंका है कि मच्छर भगाने के लिए जलाई गई अगरबत्ती से गाड़ी में रखा ज्वलनशील कचरा आग की चपेट में आ गया। जब व्यक्ति बाहर निकलने का प्रयास कर रहा था, तब तक आग पूरी गाड़ी में फैल चुकी थी। दम घुटने और झुलसने से उसकी मौत हो गई।

सेवा भारती ने गांधी आश्रम छात्रावास एवं प्रशिक्षण केंद्रों का किया लोकार्पण

दानदाताओं का सम्मान, दिव्यांग और जनजातीय छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सेवा भारती द्वारा संचालित वनवासी एवं दिव्यांग बालक छात्रावास, गांधी आश्रम में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, प्लंबिंग प्रशिक्षण केंद्र और सोलर पैनल का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर दानदाताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने कहा कि जनजातीय और अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण देना समय की आवश्यकता है।

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सेवा भारती समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के लिए वर्षों से समर्पित भाव से कार्य कर रही है। सेवा भारती महानगर के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने कहा कि समाज के सहयोग से ऐसे सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ते हैं और जरूरतमंद बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित मोहन नागर, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोलंकी सिंह सोलंकी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राज नारायण अग्निहोत्री और महानगर संयोजक करण सिंह कौशिक सहित अनेक बंधु और मातृशक्ति उपस्थित रहे।

टायर फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

नप्र, भोपालः मनेरी औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक टायर फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फैक्ट्री में टायर बनाए जा रहे थे। उसी समय अचानक तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते आग की लपटें उठ गईं। कर्मचारियों ने तुरंत बाहर निकलकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही बरेली पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग को बुलाया गया और जबलपुर-मंडला से गाड़ियां भेजी गईं। फायर ब्रिगेड ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

सबनानी ने वार्ड 33 में मंदिर परिसर निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 33 में शनिवार को अर्धनारीश्वर मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर परिषद सदस्य आरके सिंह बघेल ने किया।

इस अवसर पर विधायक सबनानी ने कहा कि परिसर की साफ-सफाई और वातावरण पर विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आराम और मानसिक शांति प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं और जनता की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला महामंत्री मुकेश राय, विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा, मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल, जिला सह कोषाध्यक्ष आशा पारोचे, राजेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र पाठक, अभय राजगिरी, संतोष सेन, राम चौरसिया, कमलेश चौरसिया, अभिषेक गिरी और सुनील पर्वत सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में कई बड़े विकास योजनाओं का लाभ जनता को मिलेगा।

चेटी चंड पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः चेटी चंड पर सिंधु समाज संतनगर में भव्य शोभा यात्रा निकालेगा, जो उपनगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य मार्ग पर पहुंचेगी। शोभायात्रा में रथ पर ईष्टदेव भगवान झूलेलालजी सवार होंगे। इसके साथ ही संत- महात्मा भी बगियो में सवार होकर नगर का भ्रमण करेंगे।

शोभा यात्रा को लेकर शनिवार को सिंधु समाज भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कन्हैयालाल इसरानी ने की। इसरानी ने बताया कि जुलूस को सफल बनाने के लिए भव्य तैयारियां की गयी हैं। ऊंट, घोड़े, बगियां, बैण्ड शोभायात्रा को भव्य बनाएंगे। इसरानी ने बताया कि शोभायात्रा में आकर्षक लाइटिंग होगी और शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। जगह-जगह तोरण द्वार भी बनाए जा रहे है।

सिंधु समाज के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी ने बताया कि कार्यक्रम में राक स्टार नील तलरेजा भी अपनी प्रस्तुति देंगे। यह पर्व पिछले 65 वर्षो से सिंधु समाज मनाता आ रहा हैं। इस वर्ष भी 20 मार्च को चैतीचांद पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में तय किया गया कि सदस्य एवं पदाधिकारी शोभायात्रा में सफेद कुर्ता, पजामा पहनेंगे। इससे समाज में एक जुटता का संदेश जाएगा। शाम 04 बजे सिंधु समाज भवन में बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। उसके बाद शाम को 05:30 बजे शोभायात्रा सिंधु समाज से प्रस्थान करेगी। चैतीचांद पर 21 मार्च को भव्य सिंधी कार्यक्रम का भी आयोजन दशहरा मैदान पर होगा, जिसमें सिंधी कलाकार छत्तीसगढ़, रायपुर के युवा कलाकार सक्षम कटारिया व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। बैठक में प्रबंधकारिणी सदस्य नरेश तोलानी, मनोहर वीधानी, दिलीप मंगतानी, राजेश बेलानी के अलावा पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी उपस्थित थे। माधू चांदवानी ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित भी किया। इसके अलावा बैठक में सुशील वासवानी, सुरेश जसवानी, कार्यक्रम उप संयोजक करण आसवानी, दिनेश वाधवानी, नरेन्द्र लालवानी, किरण वाधवानी, संरक्षक नरेश चोटरानी, किशन नरयानी मौजूद रहे।

एसपी ने 26 थाना प्रभारियों को दी सजा

नप्र, भोपालः जबलपुर जिले में अपराध नियंत्रण और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में कमी पाए जाने पर एसपी संपत उपाध्याय ने 26 थाना प्रभारियों को निंदा की सजा दी। यह सजा उनके सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज होगी, जिससे भविष्य में प्रमोशन पर असर पड़ेगा। बैठक में 1 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2026 के बीच लघु अधिनियम और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के आंकड़ों की तुलना की गई।

दूरभाष : उप नियंत्रक : 0755 2551063
फैक्स : 0755 2551063

कार्यालय, उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय
अरेरा हिल्स, मैदा मिल रोड भोपाल- 462011

विज्ञप्ति

श्री नवल सिंह, पुत्र भग्गूराम, इंकर शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल स्थायी पता-मामा का बाजार कदम साहब के बाड़े के पास, माधोगंज, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) इस मुद्रणालय से दिनांक 22-10-2024 से बिना सूचना के लगातार बगैर अवकाश स्वीकृति कराये कार्य से अनुपस्थित है। कार्यालय द्वारा कार्य पर उपस्थित होने हेतु आपको समय-समय पर पत्र जारी किए गए परन्तु फिर भी आज दिनांक तक कार्य पर उपस्थित नहीं हुए, आपका उक्त कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

अतः इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के माध्यम से यह निर्देशित किया जाता है कि आप इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से सात दिवस के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा यह मानकर कि आप शासकीय सेवा करने के इच्छुक नहीं है आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आपकी सेवा समाप्ति की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

उप नियंत्रक
शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय भोपाल

जी-27285/25

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुमित खरे आत्मज प्रकाश खरे, ने विक्रेता श्री शैलेन्द्र सिंह चंदेल पिता श्री गुलाब सिंह आयु वयस्क निवासी-मकान नं. 185, न्यू अम्बेडकर नगर दामखेड़ा कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक-98 कुल क्षेत्रफल 752 वर्गफीट है, जो कि खसरा क्रमांक -94/1/1 (एस) का अंश भाग होकर स्थित ग्राम देहरी कलां, पटवारी हल्का क्रमांक- 28, (मुख्य मार्ग से अंदर) वार्ड क्रमांक-84 तहसील हुजूर/कोलार जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है। उक्त संपत्ति क्रय करने के संबंध में विक्रेता को बयाना राशि अदा कर दिया गया है, उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी बैंक, संस्था, व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व, हित या रहन आदि हो तो उक्त संबंध में इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अंदर स्वत्व संबंधित मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति को अंतिम रूप से क्रय कर संपत्ति के स्वामी से अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा और निर्धारित अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व मान्य नहीं होगी।

भवदीय **यशवंत मालवीय** अधिवक्ता नोटरी
कार्या.-शाप नंबर-10, आई एस बी टी परिसर भोपाल मो.नं. 9827020394,
3960

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Aditya Birla Housing Finance Ltd., भोपाल कार्यालय-प्रेम कमला टॉवर, तृतीय तल, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल (म.प्र.) द्वारा 1. श्री शैलेन्द्र झा आत्मज श्री रवि झा, 2. श्री मुकुल कुमार आत्मज श्री रवि कुमार की सम्पत्ति प्लाट नं. 54, जिसका क्षेत्रफल 2152 वर्गफिट है, जो कि भूमि खसरा नं. 1/2, 1/3, 4/3, 4/4 का भाग है तथा जो कि डिवाइन पार्क, ग्राम रासलाखेडी, पटवारी हल्का नं. 21, राजस्व निरीक्षक मण्डल 01, विकास खण्ड फन्दा, पुराना वार्ड नं. 66, नया वार्ड नं. 76, मुख्य मार्ग से अंदर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं, पूर्व में-कॉलोनी रोड, पश्चिम में-प्लाट नं. 44, उत्तर में-अन्य की भूमि, दक्षिण में-प्लाट नं. 53 है, को सम्यक् बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, उक्त सम्पत्ति संबंधित पूर्व स्वामियों 1. श्री सुधीर गुप्ता, 2. श्री संजय गुप्ता के नाम का चैन डाक्यूमेण्ट मूल दस्तावेज क्रं. 8/3954, दिनांक 14.12.2010 एवं श्रीमती सरिता जैन के मूल दस्तावेज क्र.8/6722 दिनांक 15.03.2011 कहीं गुम हो गये हैं। यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना-देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी** अधिवक्ता
फ्लेट नं. सी-106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक, विचार रिट्रीट, जीवन मोर्स के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल-462011 (म.प्र.)
मोबाइल- 9827223510, 7987467025
3959

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं.04 रापडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

रा.प्र.क्र. अ/-12/2025-26
ग्राम नाम भैरोपुर

सूचना-पत्र

प्रति, 1.श्रीमती राजबाला पत्नी एस.के. मकलोण नि. वेल्ट वेस्ट सागरपूर नई दिल्ली, 2. श्रीमती स्वर्णलता पत्नी चन्द्रप्रकाश सावल नि. भोपाल, 3. श्री अशोक पिता काशीचरण नि. भोपाल,4. श्री अजय वर्मा पुत्र बी.एल. वर्मा नि. सिविल लाइन सी 0106, 5. विचार स्ट्रीट मैदामिल के पास भोपाल, 6. सर्वसाधारण हितबद्ध पक्षकार **विषयः**- सीमांकन किये जाने हेतू बाबत् सूचना-पत्र एतद द्वारा सूचित किया जाता के कि आवेदक राजबाला पत्नी एस. के. मकलोण निवासी वेस्ट सागरपूर नई दिल्ली द्वारा ग्राम भैरोपुर प.ह.नं-05 मे स्थित खसरा नंबर क्रमांक 540/1,538/2 रकबा क्रमांक 0.1300, 0.020 हे. हेंक्टर भूमि कूल रकबा0.150 हेंक्टयर भूमि का सीमाकंन हेतू आवेदक पत्र प्रस्तूत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमाकंन मेरे द्वारा दिनांक 19/3/26 को समय प्रातः11.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नही जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नही होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक मे परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र मे कराया जा सकता है। आज दिनांक 13.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

राजस्व निरीक्षक
तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.
3958